# राजगढ़–ब्यावरा



नवभारत
भोपाल, गुरुवार 07 अगस्त, 2025


## एक नजर में

### रॉयल हाईट्स स्कूल में छात्र नेतृत्व चुनाव हुए

**जीरापुर 06 अगस्त, सं.** रॉयल हाईट्स हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्र परिषद् के चुनाव सम्पन्न हुए. विद्यार्थियों ने मतदान प्रक्रिया में भाग लेकर छात्र परिषद प्रतिनिधियों का चयन किया. इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया ने छात्रों को नेतृत्व, निर्णय क्षमता और उत्तरदायित्व का व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया. हेड बॉय मनोज सिसौदिया कक्षा 12वीं, हेड गर्ल सुनीता चौहान कक्षा 12वीं, वाइस हेड बॉय अश्विन दांगी कक्षा 11वीं, वाइस हेड गर्ल सान्वी गुप्ता कक्षा 11वीं संस्था संचालक रणधीर सिंह, प्राचार्य शैलेन्द्र जोशी, प्रबंधक यशवर्धन सिंह ने विजयी छात्र नेताओं को शुभकामनाएं दी देकर संस्था संचालक रणधीर सिंह ने कहा ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में नेतृत्व और ज़िम्मेदारी की भावना का विकास होता है. छात्र परिषद् के माध्यम से विद्यार्थी अनुशासन, समन्वय और प्रबंधन जैसे गुणों को व्यवहार में लाना सीखते हैं. अनुभव उनके संपूर्ण व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध होगा. कार्यक्रम में विद्यालय परिवार उपस्थित रहा.

### गौवंश के गले व सींगों में लगा रहे रेडियम पट्टी

**सारंगपुर 06 अगस्त, सं.** नगरीय क्षेत्र में निराश्रित गौवंश की सुरक्षा के लिए, दुर्घटना से बचाने के लिए जिसमें जनहानि और गौवंश की भी हानि हो रही है. इसको रोकने के लिए निराश्रित गौवंश की सुरक्षा के लिए नगर पालिका सारंगपुर द्वारा 3 दलों का गठन किया है. जिनको अलग अलग क्षेत्रोंवार्डो एवं प्रमुख चौराहों पर घुमकर निराश्रित गौवंश को सुरक्षित स्थान अथवा गौशाला में ले जाकर सुरक्षित रखने के निर्देश दिये गये हैं. दलों में नियुक्त कर्मचारी प्रातः 8.00 बजे से दोपहर 01.00 बजे तक एवं दोपहर 2.00 बजे से सायं 9.00 बजे तक निर्धारित स्थल पर पहुंचकर निराश्रित गौवंश को हटाकर उनको सुरक्षित स्थान पर पहुंचाये जा रहे हैं. निकाय में पदस्थ प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक एवं दारोगा को निराश्रित गौवंश के गले में रेडियम पट्टी और सींगों में रेडियम लगाने के भी निर्देश दिये गये जो उनके द्वारा किया जा रहा है जिससे सड़कों पर बैठे गौवंश को दुर्घटना से बचाना हैं. इसके माध्यम से दूर से ही सड़क के किनारे जो गाय बैठी रहती हैं वह दिखेगी ताकि दुर्घटना नहीं हो पाएगी और हम रक्षा कर पाएंगे। साथ ही निराश्रित गौवंश का टैगिंग कार्य भी किया जा रहा है. अभी तक 50-60 गौवंश को गौशाला भेजा जा चुका है.

### उज्जैन मंगलनाथ तक कांवड़ यात्रा सम्पन्न

**छापीहेड़ा 06 अगस्त, सं.** नगर छापीहेड़ा से उज्जैन तक चलकर कांवड़ यात्री मंगलनाथ एवं महाकाल मंदिर तक पहुचे नगर के कांवड़ यात्रियों का दल. जिनमे राम शर्मा, रोशन जायसवाल और अंशुल पुष्पद सफल यात्रा के पश्चात नगर के श्री सिद्ध बालाजी मंदिर पहुचे. वहां श्री मानस समिति एवं बाल मानस समिति ने सभी कांवड़ यात्रियों का स्वागत नहीं अभिनंदन किया. जिसमें पुजारी राजेश शर्मा नगर के प्रसिद्ध गायक दीपक नागर, आधुत्मिक सेवक बाबूलाल सेन, दुर्गा प्रसाद सेन, संजय शर्मा, सुनील परमार, लखन शर्मा, ओमप्रकाश (गुड्डू) शर्मा, कैलाश टेलर, घनश्याम नागर सहित सभी समिति के सदस्य शामिल हुए.


### नाम परिवर्तन सूचना

मेरा नाम मुकेश कुमार पुष्पद पिता केवलसिंह पुष्पद जाति फुलमाली निवासी धुआखेड़ी तहसील पचोर जिला राजगढ़ म.प्र. का निवासी हूं. मेरे पुत्र के आधारकार्ड नंबर 216701235428 में मेरे पुत्र का नाम पृथ्वी राज पुष्पद अंकित है जो कि गलत है. जबकि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम नितेश है जो कि उसकी अंकसूची एवं अन्य दस्तावेजों में भी अंकित है. उसका अब उसका सही नाम नितेश के नाम से जाना पहचाना जावे.


# छलनी सड़कों पर मरहम की दरकार

## मौसम साफ होने पर तत्परता से होना था पेंचवर्क कार्य, आवागमन में दुविधा खड़ी कर रहीं उखड़ी सड़कें, गड्ढे

**अत्यधिक जीर्णशीर्ण अवस्था में मौजूद नगर के मुख्य मार्गों की सड़कें**

**मुख्य मार्गों पर हो रहे जानलेवा गड्ढे, उखड़ी सड़क के कारण लोगों का आना-जाना खतरों से कम नहीं**

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 06 अगस्त, का. पहले से ही अत्यधिक जीर्णशीर्ण अवस्था में मौजूद नगर के मुख्य मार्गों की सड़कें अनवरत् हुई तेज बारिश से और छलनी हो गई, अब जबकि बारिश का दौर थमा हुआ है ऐसे में विभाग को तत्परता के साथ उखड़ी सड़को पर पेंचवर्क कार्य करना चाहिए ताकि आवागमन में दिक्कतों का सामना कर रहे राहगीरों को राहत मिल सके. परन्तु अभी तक ऐसा कुछ नहीं हुआ है.**

विदित है कि नगर में मुख्य मार्गो पर हो रहे जानलेवा गड्ढे, उखड़ी सड़क के कारण लोगों का आना-जाना खतरो से भरा हो रहा है. बारिश ने सड़को को बुरी तरह तहस-नहस करके रख दिया है, उखड़ी सड़क और गड्ढो को पेंचवर्क की दरकार है. विगत दिवस नगर में हुई कई दिनों तक हुई तेज बारिश से सड़के बुरी तरह उखड़ चुकी है.



### लोगों ने स्वयं रोड दुरुस्त किया



जीर्णशीर्ण हो चुकी सड़को की मरम्मत नहीं किए जाने के बाद विभाग रास्ता देख देखकर आखिरकार लोगों ने स्वयं आगे आकर गड्ढे, सड़क पर मटेरियल डालकर उन्हें ठीक किया. उखड़ी सड़के, विशालकाय गड्ढो में बारिश का पानी भरा होकर कीचड़ मचा है. आये दिन दुपहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है.

### अस्पताल पहुंचने में फजीहत



नगर के सिविल अस्पताल रोड की सर्वाधिक दुर्दशा हो रही है. नदी पर मौजूद पुल उखड़ा है तो जगह-जगह रोड उखड़ चुका है. अस्पताल के समीप कर्मचारी कॉलोनी कॉलोनी के गेट के सामने, रेस्ट हाऊस से लेकर बायपास तक सड़क की दयनीय अवस्था खुद ब खुद यहां के हालात बता रहे है. सबसे अधिक दिक्कतों का सामना अस्पताल जाने वाले मरीज एवं उनके परिजनों को करना पड़ रहा है. उखड़ी सड़क पर ऑटो, दुपहिया वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बना रहता है. दुपहिया वाहन चालक आये दिन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है.

### राहगीर उठा रहे तकलीफ

इंदौर नाका पुल के आसपास, सिविल अस्पताल के समीप कर्मचारी कॉलानी गेट के सामने, अस्पताल रोड, राजगढ़ रोड, सुठालिया बायपास आदि स्थानों पर दर्जनों की संख्या में विशालकाय गड्ढे हो गये है जिनमें बारिश का पानी भरा हुआ है. वर्तमान में बारिश थमने पर उखड़े मार्ग पर पेंचवर्क हो जाता है तो आवागमन में कुछ राहत मिल सकेगी.

जहां-जहां भी सड़क उखड़ी है या गड्ढे हो रहे है वहां शीघ्र ही मरम्मत के साथ पेंचवर्क का कार्य करवाया जाएगा ताकि आवागमन में किसी तरह की परेशानी राहगीरों को न हो.

**पी.एन.धनवाल**
**प्रभारी एसडीओ, पीडब्ल्यूडी विभाग ब्यावरा**

### सावन सवारी के संपन्न होने पर आभार

**सारंगपुर 06 अगस्त, सं.** कपिल मुनि की पावन तपोस्थली सारंगपुर में स्थित श्री वटकेश्वर महादेव मंदिर से पवित्र पावन श्रावण मास के चौथे अंतिम सोमवार को नगर भ्रमण पर भक्तों को दर्शन देने निकलते है. जिसमें नगर एवं निकटतम ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं पुरुष एवं मातृ शक्तियों की अहम भूमिका होती है. शाही भव्य यात्रा में शासन के राज्य मंत्री गौतम टेटवाल सहित शासन, प्रशासन, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी भी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हैं. इस अवसर पर नगर की कई धार्मिक और सामाजिक संस्थाओ ने भी स्वागत मंच बनाकर अपनी श्रद्धा, भावनाएं व्यक्त की. महादेव मित्र मंडल सारंगपुर उन सभी संस्थाओ द्वारा आत्मीयता से फलाहारी खिचड़ी, खीर, केले प्रसादी एवं जल सेवाए दी, उन सभी संस्थाओं का अटूट प्रेम, स्नेह, समर्थन और प्रोत्साहन जो संस्था को मिला है, संस्था महादेव मित्र मंडल गौरांवित हैं. समारोह की इस सफलता पर मीडिया जगत के सजग प्रहरी के रूप में नगर की स्वच्छता सजग नगरपालिका और पुलिस सुरक्षा व्यवस्था, आप सभी के सहयोग,समर्थन के लिए महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद सवारी प्रभारी महेश पाटीदार कार्यकारी अध्यक्ष मनोहर सोनी सह प्रभारी प्रकाश पुरी एवं संगठन मंत्री दिनेश सिंह सिसोदिया द्वारा सभी का हृदय से धन्यवाद देते हुए,आभार व्यक्त किया गया.

# अंततः नर्सिंग कॉलेज का काम रुकवाया

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 06 अगस्त, का.** नर्सिंग कॉलेज का तत्काल निर्माण कार्य बंद करने के निर्देश ठेकेदार को दिए हैस नवभारत ने पीआईयू और पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बनाये जा रहे मेडिकल कॉलेज में सोमवार को एक मजदूर के हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने पर गंभीर रूप से घायल होने और मंगलवार को विभाग द्वारा ही बनाये जा रहे नर्सिंग कॉलेज का काम हाई टेंशन लाइन के नीचे जारी रखने का समाचार हाई टेंशन लाइन के साये में निर्माण शीर्षक से लगाया था. जिसके बाद विभाग के ई ई भाक्या परमार द्वार बुधवार को ठेकेदार को तत्काल निर्माण रोकने के निर्देश दिए गए.



हाईटेंशन लाइन के साये में कर रहे काम

एक दिन पूर्व निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज में हो चुकी घटना

निर्माणाधीन नर्सिंग कॉलेज का चला रहा है कार्य

कार्य करते समय मजदूर को लगा था हाईटेंशन लाइन से करंट

घटना के बाद भी नहीं ली सीख, दुर्घटना को आमंत्रण

सेफ्टी से संबंधित निर्देश हमारे विभाग द्वारा दिए जाते हैं. कार्यवाही जो भी होगी वह पुलिस की ओर से होगी.

भिक्या परमार, कार्यपालन यंत्री पीआईयू राजगढ़

### श्रम विभाग पहुंचा जांच करने

समाचार प्रकाशन के बाद श्रम विभाग की टीम भी घटना स्थल पर जांच करने पहुँची. श्रम अधिकार सौरभ कुमार गुप्ता के अनुसार निर्माण एजेंसी के पास श्रम विभाग द्वारा जारी लेबर लाइसेंस मिला है वही अन्तर्राज्यी लाइसेंस उपलब्ध कराने के लिए समय दिया गया है क्यो की पेटी कांट्रेक्टर अन्य प्रदेश से है. वही सेफ्टी संबंदी जांच के लिए जल्द ही देवास से टीम राजगढ़ पहुचे गि और इस बात की जांच करेगी के सुरक्षा से जुड़े पहलुओ का पालन किया जा रहा था या नही. घटना के 4 दिन बाद सेफ्टी टीम कैसे सुरक्षा मानकों की जांच करेगी ये समझ से परे है. उल्लेखनीय है कि सेफ्टी संभाण्डी बिभाग जिले में नहीं है. वही राजगढ़ जिले का कार्यालय देवास से संचालित होता है.

### सेवानिवृत्ति पर विदाई

**तलेन 06 अगस्त, सं.** जेएसके कन्या केंद्र तलेन सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया. सिद्धू लाल लववंशी, प्रकाश नारायण सोनी, बलदेव सिंह राजपूत का शाल, श्रीफल, फुलमाला, साफा बंधाकर सहभोज के साथ सेवानिवृत्ति विदाई समारोह रखा गया. विशेष अतिथि पीएम श्री विद्यालय के प्राचार्य रहे.

# छात्र-छात्राओं को बांटी सायकल

नवभारत न्यूज

**सुठालिया 06 अगस्त, सं.** शासन ने जन्म के पूर्व से लेकर जन्म के बाद तक कई योजनाएं संचालित कर रखी है इनमें छात्र-छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण भी है. उक्त बात बुधवार को शासकीय पीएम श्री हाई सेकेंडरी स्कूल परिसर में कन्या हा से व पीएम श्री के दो सो छात्र-छात्राओं के साइकिल वितरण समारोह में पूर्व राज्य मंत्री बद्रीलाल यादव ने कहीं.

मुख्य अतिथि मोहन पंवार, विशेष अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष चंदरसिंह सौंधिया, जगदीश पंवार, इंदरसिंह लववंशी, नारायण सिंह सालरियाखेडी, वरिष्ठ नेता अशोक अग्रवाल नप उपा प्रदीप सिंह ने भी अपने विचार रखे.

इस अवसर पर भाजपा नेता रामनारायण दांगी, मंडल अध्यक्ष श्यामसिंह चौहान, बीइओ दिलीप शर्मा, बीआरसी जीके दुबे पीएम श्री प्राचार्य हेमंत यादव आदि मौजूद थे. इस दौरान कक्षा 10 वीं एवं 12वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया.




# जेल में बंदियों के साथ मनाया रक्षाबंधन



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 06 अगस्त, का.** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजगढ़ द्वारा रक्षा बंधन जिला जेल परिसर में बंदी भाई बहनों के साथ बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया. लगभग 450 बंदी भाई - बहनों को परमात्मा शिव का रक्षा सूत्र बांध जल्द जेल से रिहा होने की कामना की. ब्रह्माकुमारीज की जिला प्रभारी बीके मधु दीदी ने राखी का आध्यात्मिक रहस्य समझते हुए कहां की यह साधारण धागा नहीं यह परमात्मा का रक्षा कवच है जो हर परिस्थिति में हमें शक्ति व बल प्रदान करता. यह धागा हमारे संबंधों को एक प्यार के पवित्र बंधन में बांध कर रखता है तथा रक्षाबंधन पर बहनों को उपहार दिया जाता है तो आप सभी उपहार में हमें अपनी कमी कमजोरी को दे. तो समस्या व दु:खों से मुक्त हो सकेंगे. ब्रह्माकुमारी सुरेखा दीदी ने व्यसन मुक्त भारत बनाने के उद्देश्य से जीवन को व समाज को व्यसन मुक्त बनाने की प्रतिज्ञा कराई. सभी को परमात्मा के घर का रक्षा सूत्र बांधकर तिलक लगाकर मुख मीठा करवाया. जिला जेल अधीक्षक आलोक वाजपेयीने भी शुभ प्रेरणा दी तथा ब्रह्माकुमारी बहनों का धन्यवाद किया. इस अवसर पर बीके कविता, बीके उमा, बीके युवराज, जैल चीफ साहब यादव, जैल शिक्षक लखन सिंह सोंधिया तथा जिला जेल स्टाफ उपस्थित रहे.

# विद्युत मंडल की लापरवाही, किसी निर्दोष की लेगी जान

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 06 अगस्त, सं.** बारिश के मौसम के चलते नमी बनी हुई है, जिससे विद्युत पोलो के आस पास तथा मकानों से सटे विघुत केवल में करंट फैलने की आशंका बनी रहती है, ऐसा ही एक मामला खिलचीपुर की गायत्री कॉलोनी के मुख्य रोड से लगे मकान में जहां मकान के चददरो से गुजर रही केवल से चददरो में करंट फैल रहा है. विगत दिनो पहले मकान में रह रहे छोटे बच्चों को करंट का झटका लगा, जिसकी शिकायत विद्युत मंडल खिलचीपुर को की गई लेकिन विद्युत मंडल वालों ने अभी तक कोई सुध नहीं ली. मकान मालिक जूनियर इंजीनियर खिलचीपुर को भी अवगत करा चुका है लेकिन सुधार नहीं हुआ. यदि समय रहते विद्युत केवल मे सुधार नहीं किया गया तो कभी भी दुर्घटना घट सकती है, मकान में रह रहे लोग डरे ओर सहमे हुए हैं.

मकान मालिक हरि ओम इलेक्ट्रिक ने बताया बस विद्युत मंडल के कर्मचारी आते हैं ओर देखकर चले जाते हैं कहते हैं कि एक पोल ओर बीच में गढ़े तभी यह समस्या हल हो सकता है. मामले में सुनील कुमार खरे अधीक्षक यंत्री ने कहा कि मैं अभी जेई खिलचीपुर को बताता हूं समस्या का हल करवाते है.

# असहाय गौवंश को बारिश में रोड पर खड़ा रहना मजबूरी

**जीरापुर 6 अगस्त, सं. बरसात का मौसम जहाँ किसानों और आम जनता के लिए राहत लेकर आता है, वहीं सड़कों पर बेसहारा घूम रही गौवंश के लिए यह किसी अभिशाप से कम नहीं. गंदगी, कीचड़ और तेज़ बारिश में भीगतीं गौवंश कभी ट्रैफिक के बीच तो कभी गड्ढों के किनारे शरण लेने को मजबूर हैं.**

खुले आसमान के नीचे खड़ी इनकी आँखों में मदद की आस दिखती है, पर न कोई स्थायी आश्रय है, न ही कोई देखरेख. स्थानीय प्रशासन और नगर परिषद इस समस्या को लेकर उदासीन बना हुआ है. कुछ जगहों पर महज़ औपचारिकता निभाने के लिए त्रिपाल लगाई गोमाता के नाम पर घोषणाएं की गईं, पर ज़मीनी स्तर पर उनकी हालत बदतर है. पशुपालन विभाग और नगर परिषद एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर इतिश्री करते हैं. गौ रक्षा के नाम पर बड़ी-बड़ी बातें करने वाला वर्ग और प्रशासन सिर्फ औपचारिकता पुरी करता है.

**अनदेखी** ▶ बुधवार हाट वाले दिन 2 घंटे जाम में फंसे रहे लोग, त्यौहार के समय हाट वाले दिन रही बाजार में भारी भीड़

# अनदेखी, लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे आमजन

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 06 अगस्त,** का. रक्षाबंधन पूर्व बुधवार को जिला मुख्यालय पर हाट बाजार रहा. काफी भीड़भाड़ के बीच नेवज नदी की छोटी पुलिया से नगर को जोड़ने वाले मार्ग पर भारी जाम लगा. दो घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही. सैकड़ो नागरिक जाम में फंसे रहे. ऐसे अहम मौके पर व्यवस्थाओं को लेकर बरती जाने वाली अनदेखी, लापरवाही का खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है.

बुधवार को रक्षाबंधन पर्व का हाट बाजार रहा. मेन मार्केट सहित बाजार में जमकर खरीददारी हुई. बड़ी संख्या में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से नागरिकों ने बाजार पहुंचकर त्यौहार के लिए खरीददारी की. ऐसे भीड़भाड़ वाले समय में जहां व्यवस्थाएं कहीं अधिक चाक चौबंद होना चाहिए उल्टे भारी अव्यवस्थाओं का बोलबाला रहा जिसके कारण नागरिकों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ा.



**सड़क पर खड़े रहते वाह**

नेवज नदी की छोटी पुलिया से नगर को जोड़ने वाले मार्ग पर हाट के दिन एवं सामान्य दिनों में भी बेतरतीब वाहनों को खड़ा कर दिया जाता है जिससे मार्ग पर आने-जाने के लिए बहुत कम जगह रह जाती है जिससे जाम लग जाता है और देखते ही देखते सैकड़ो वाहन जाम में फंस जाते है. कोठी बाग से नेवज नदी की पुलिया, घूमघाटी, पुराना बस स्टेण्ड तक जाम के हालात बनते है. यही मार्ग खोयरी धाम पहुंचता है, श्रावण माह के सोमवार एवं हाट वाले दिन भारी जाम लगा. बुधवार दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक जाम रहा. यह रास्ता राजस्थान को जिले से जोड़ता है.

**नवभारत ने किया था आगाह**

विदित है कि त्यौहार पूर्व हाट वाले दिन भारी भीड़ रहने तथा अव्यवस्थाओ के कारण नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है इसको लेकर पूर्व में ही नवभारत द्वारा प्रमुखता से खबर प्रकाशित करते हुए आगाह किया था बावजूद इसके अव्यवस्थाएं हावी रही.

### पीड़ादायक स्थिति से सामना

नगर में यातायात एवं बाजार बैठक व्यवस्था के बिगड़े हालातों तथा आये दिन जाम की स्थिति से जूझना मानों नीयति बन गया है. ये हालात काफी पीड़ा पहुंचाते है. आखिरकार नगर में यातायात एवं बाजार बैठक व्यवस्था को सुचारु बनाने की जिम्मेदारी किसकी है. नगर पालिका परिषद, स्थानीय पुलिस प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से ही नगर में व्यवस्थाओं को बेहतर से बेहतर बनाया जाता है. परन्तु वर्तमान में जिस तरह नगर में दिनों दिन अव्यवस्थाएं हावी हो रही है वह चिंताजनक है.


## कार्यालय वनमंडलाधिकारी, वनमंडल राजगढ़

### निविदा सूचना

क्र./लेखा/1185 राजगढ़, दिनांक 4/8/25

सामान्य वन मंडल राजगढ़ के अंतर्गत फेंसिंग कार्य हेतु पोल्स सामग्री प्रदाय हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में वन मंडल राजगढ़ की परिक्षेत्र राजगढ़, ब्यावरा एवं नरसिंहगढ़ में फेंसिंग कार्य हेतु पोल्स प्रदाय बावत् ई-निविदा प्रक्रिया अनुसार ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं.

1. समिति निविदा संबंधित अन्य विस्तृ विवरण वेबसाइट पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर देखे जा सकते हैं.
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं पोर्टल फीस की राशि क्रेडिट कार्ड/ डेबिट कार्ड/ कैश कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग सिस्टम के माध्यम से उल्लेखित वेबसाइट पर भुगतान कर निविदा प्रपत्र दिनांक 8/8/2025 को सुबह 10 बजे से दिनांक 28/8/2025 को शाम 5 बजे तक ऑनलाइन रहेगी. अन्य शर्तें वेबसाइट पर देखी जा सकती हैं.

| ऑनलाइन निविदा प्रारंभ दिनांक एवं समय | ऑनलाइन निविदा करने का अंतिम दिनांक एवं समय | ऑनलाइन निविदा खोलने का दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| 8/8/2025 को सुबह 10 बजे से | 28/8/2025 को शाम 5 बजे तक | 29/8/2025 को शाम 6 बजे से/ वनमंडल कार्यालय राजगढ़ |

3. निविदा से संबंधित कोई भी संशोधन समाचार पत्रों में प्रकाशित न करते हुए केवल उल्लेखित वेबसाइट पर ही सूचित किया जाएगा.
4. अन्य संबंधित जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय के लेखा शाखा से किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है.

वनमंडलाधिकारी
सामान्य वनमंडल राजगढ़

G16814/25